## भाग – I

# सैनिक स्कूल अम्बिकापुर

### मेण्ड्राकलां, जिला – सरगुजा (छत्तीसगढ़)

# निविदा प्रपत्र

## श्रेणी – सेवाएं

## धुलाई व इस्त्री कार्य की सेवाओं हेतु

संचालन अवधि : 01 मार्च 2019 से 29 फरवरी 2020 तक

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – 13 फरवरी 2019
समय – दोपहर 01.00 बजे तक

निविदा खुलने की तिथि – 14 फरवरी 2019
समय – सुबह 10.30 बजे

अमानत राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट : रूपये 55,000.00
निविदा प्रपत्र मूल्य – रूपये 100.00

टिप्पणी .1. **लिफाफा भाग–I** में आवेदन (पृष्ठ क्रमांक 01—08) के साथ अमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट, निविदा प्रपत्र मूल्य का बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य समस्त आवश्यक दस्तावेज रखना होगा।

2. **लिफाफा भाग– II** में केवल स्व–प्रमाणित दर सूची (पृष्ठ क्रमांक 09) ही रखना होगा ।

14.01 15/1 23/1

निविदा कर्ता के हस्ताक्षर एवं सील

# सैनिक स्कूल, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित)

टेलीफोन – 07774–261609, फैक्स– 07774–261630, ईमेल – sainikschoolambikapur@rediffmail.com

## आवश्यक सूचना एवं निर्देश

निविदा कर्ता कृपया ध्यान दें कि सभी दस्तावेज/प्रमाण पत्र/वांछित राशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करने के उपरांत ही निविदा प्रपत्र सैनिक स्कूल अम्बिकापुर को प्रेषित करें।

1. निविदा सूचना के अनुसार निविदा प्रपत्र की राशि एवं अमानत राशि जमा करना अनिवार्य है।

2. निविदा दो लिफाफों में प्रस्तुत की जायेगी। **लिफाफा–I** में आवेदन के साथ अमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट, निविदा प्रपत्र मूल्य का बैंक ड्राफ्ट (यदि निविदा प्रपत्र सैनिक स्कूल के वेबसाईट से डाउनलोड किया हुआ हो तो) एवं अन्य समस्त आवश्यक दस्तावेज तथा **लिफाफा–II** में केवल दर सूची ही रखा जायेगा।

3. निविदा निर्धारित दिनांक एवं समय या फिर उससे पहले सैनिक स्कूल अम्बिकापुर कार्यालय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर किसी भी कार्यालयिन दिवस पर 0900 बजे से 1330 बजे के मध्य प्रस्तुत की जा सकती है ।

4. **निविदा प्रपत्र सैनिक स्कूल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप (जो सैनिक स्कूल प्रबंधन द्वारा हस्ताक्षरित हो) में ही आवेदन करना अनिवार्य है, निविदा प्रपत्र में किसी भी प्रकार की छेड़खानी, प्रारूप में परिवर्तन या किसी अन्य प्रकार की प्रविष्टि करने पर निविदा प्रपत्र निरस्त करने के साथ ही निविदा कर्ता/फर्म के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है । निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदा कर्ता का सील मुद्रा व हस्ताक्षर होना आवश्यक है।**

5. सैनिक स्कूल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप में निविदा दर समस्त टैक्स आदि के साथ बिना कोई अतिरिक्त शुल्क के सैनिक स्कूल अंबिकापुर में पहुँचाकर, खाली करवा के स्टोर में रखने सहित होनी चाहिये।

6. **सैनिक स्कूल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये शपथ पत्र में ही ₹ 20/- का कोर्ट टिकट चस्पा कर नोटरी से सत्यापित कराकर जमा करना अनिवार्य है। स्कूल की समस्त विशेष एवं सामान्य नियम–शर्त (जिसमें निविदा कर्ता फर्म की सील मुद्रा लगाते हुये स्वयं का हस्ताक्षर कर) अनिवार्य रूप से निविदा के साथ जमा करें।**

7. यदि निविदा प्रपत्र स्कूल की वेब साईट से डाउनलोड किया गया है तो निविदा के साथ प्रपत्र मूल्य (₹ 100/-) की राशि का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है।

8. निविदा के साथ अमानत राशि (संबधित कार्य/अनुबंध/सामग्री प्रदाय हेतु निविदा में उल्लेखित अमानत राशि के अनुसार) बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है।

9. यदि निविदा कर्ता को उक्त सेवा प्रदाय करने का अनुभव है तो उक्त संबधित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

10. फर्म से संबधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की प्रतिलिपि स्वहस्ताक्षरित सील मुद्रा सहित निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

11. प्राचार्य, सैनिक स्कूल अंबिकापुर किसी भी निविदा को किसी भी समय, किसी भी स्तर पर, बिना कोई कारण बताये निरस्त या लंबित करने के लिए स्वतंत्र हैं।

14.01 19 Jan 19/01

प्रशासनिक अधिकारी
प्राचार्य कृते

निविदा कर्ता के हस्ताक्षर एवं सील

# सैनिक स्कूल, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित)

टेलीफोन – 07774–261609, फैक्स– 07774–261630, ईमेल – sainikschoolambikapur@rediffmail.com

## निविदा कर्त्ता का विवरण प्रपत्र

## धुलाई व इस्त्री कार्य की सेवाओं हेतु

Recent Passport Photo

1. निविदा कर्त्ता का पूरा नाम : ..............................
2. निविदा कर्त्ता के पिता का पूरा नाम : ..............................
3. फर्म का पूरा नाम : ..............................
4. निविदा कर्त्ता के निवास का पूर्ण पता : ..............................
..............................
..............................
5. फर्म का पूर्ण पता : ..............................
..............................
..............................
6. फर्म का दूरभाष नं. : ..............................
7. निविदा कर्त्ता का व्यक्तिगत मोबाईल नं. : ..............................
8. ई–मेल पता (यदि हो तो) : ..............................
9. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का माध्यम : स्कूल कार्यालय / स्कूल वेबसाईट
10. जी.एस.टी. (GST) पंजीयन नम्बर (यदि लागू हो तो) : ..............................
11. पैन (PAN) कार्ड नम्बर : ..............................
12. आधार (AADHAR) नम्बर : ..............................
13. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जीवित व्यवसाय स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र नम्बर (Business Eastablishment Registration Certificate Number) : (क) प्रमाण पत्र नम्बर ..............................
..............................
(ख) वैधता अवधि ..............................
से .............................. तक
14. शपथ पत्र दिनांक : ..............................
15. निवास प्रमाण पत्र का विवरण : ..............................
16. <u>अमानत राशि (EMD) व निविदा प्रपत्र मूल्य का विवरण</u> :–

| | अमानत राशि का विवरण | निविदा प्रपत्र शुल्क का विवरण |
|---|---|---|
| (क) जारी कर्त्ता बैंक का नाम : | .............................. | .............................. |
| (ख) राशि रूपये : | .............................. | .............................. |
| (ग) डिमांड ड्राफ्ट / रसीद क्र. : | .............................. | .............................. |
| (घ) दिनांक : | .............................. | .............................. |

17. निविदा प्रपत्र की कुल पृष्ठ संख्या .................... है एवं मेरे द्वारा पृष्ठ क्रमांक 04 के कंडिका 3 में दिए गए सभी दस्तावेजों की प्रतिलिपि निविदा पत्र के साथ संलग्न किए गए हैं ।

14.01 15/Jan 23/01

निविदा कर्त्ता के हस्ताक्षर एवं सील

# सैनिक स्कूल अम्बिकापुर (छ.ग.)

(रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित)

टेलीफोन – 07774–261609, फैक्स– 07774–261630, ईमेल – sainikschoolambikapur@rediffmail.com

## निविदा के सामान्य नियम एवं शर्तें

## धुलाई व इस्त्री कार्य की सेवाओं हेतु

1. सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के पक्ष में अधोहस्ताक्षरी निविदाएं आमंत्रित की जा रही है, जो निर्धारित दिनांक एवं समय या उससे पहले सैनिक स्कूल अम्बिकापुर कार्यालय में डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत की जा सकती है। **ऐसे निविदाकार जिनकी धुलाई कार्य की स्वयं की दुकान/ व्यापारी है, केवल वे ही निविदा दे सकते है । बिचौलिए/एजेंट स्वीकार्य नहीं होगें । ऐसे ही निविदाकार कृपया आवेदन करे जो दिन–प्रतिदिन की धुलाई व इस्त्री कार्य त्वरित तरीके से कर सकते हैं।**

2. निविदाएं मजबूत लिफाफे में सेवाप्रदाता का पूर्ण पता एवं **"धुलाई व इस्त्री कार्य की सेवाओं हेतु"** स्पष्ट अक्षरों में अंकित करके प्रस्तुत की जाएगी। निविदा का नाम एवं निविदा कर्त्ता का नाम स्पष्ट रूप से अंकित न होने पर लिफाफा नहीं खोला जाएगा ।

3. **लिफाफे भाग–। में निविदा प्रपत्र के साथ निम्नानुसार (जो लागू हो) स्व–प्रमाणित दस्तावेज व अमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना आवश्यक है, जिसके अभाव में निविदाएं निरस्त मानी जाएंगी।**

(क) वाणिज्य कर विभाग द्वारा जारी वैध जी.एस.टी (GST) पंजीयन नम्बर की प्रतिलिपि (अगर लागू हो तो) ।

(ख) आधार कार्ड की प्रतिलिपि ।

(ग) पैन कार्ड की प्रतिलिपि ।

(घ) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जीवित व्यवसाय स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र (Business Eastablisement Registration Certificate) की प्रतिलिपि।

(ङ) निर्धारित प्रारूप में दिए गए शपथ–पत्र **(परिशिष्ट 'क')** में ही 20 रूपये का कोर्ट टिकट चस्पा कर नोटरी द्वारा सत्यापित कराके प्रस्तुत करना होगा ।

(च) सैनिक स्कूल में सम्पर्क करने हेतु अधिकृत किए गए व्यक्ति की जानकारी ।

(छ) "प्राचार्य सैनिक स्कूल अम्बिकापुर" के पक्ष में देय अमानत राशि हेतु विज्ञापित निर्धारित राशि रूपये **55,000.00** का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जिसके पीछे निविदा कर्त्ता का नाम, पूरा पता, मोबाईल नं. तथा निविदा का विवरण स्पष्ट अक्षरों में अंकित होना चाहिए ।

(ज) स्कूल के वेबसाइट से डाउनलोड किए गए निविदा प्रपत्र के साथ रूपये 100/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट जिसके पीछे निविदा कर्त्ता का पूरा नाम, पूरा पता, मोबाईल नं. तथा निविदा का विवरण स्पष्ट अक्षरों में अंकित होना चाहिए । यदि स्कूल कार्यालय से निविदा प्रपत्र लिया गया है तो सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के रसीद संलग्न करें।

(झ) निविदा कर्त्ता के निवास प्रमाण–पत्र की प्रतिलिपि।

(ञ) अपनी दुकान के सामने निविदा कर्ता का खडे होकर पोस्ट कार्ड साईज की फोटो निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें। जिसमें दुकान का नाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा हो। तकनीक की सहायता से निकाली गई फोटो स्वीकार नहीं होगी।

4. निविदा कर्ता के पास स्कूल के कैडेटों के कपड़े धोने के लिए, धोबी सुविधाओं के लिये आवश्यक क्षमता व अन्य मशीनों का होना अनिवार्य है । निविदा कर्ताओं को निविदाएं खोले जाने की प्रक्रिया के दौरान स्कूल द्वारा बनायी गई निरीक्षण टीम को चालू धोबी व ड्रायक्लीन दुकान व उससे संबंधित सुविधाओं के बारे में निरीक्षण हेतु ले जाना अनिवार्य होगा । ऐसे निविदा कर्ता जो उपरोक्त योग्यताओं को पूर्ण करते है व उपरोक्त शर्तों को मानते है, वही कृपया इस निविदा प्रक्रिया में शामिल हो ।

5. सैनिक स्कूल अंबिकापुर एक आवासीय विद्यालय है। जिसके छात्रावास में लगभग 600 कैडेट रहते हैं । सभी कैडेटों के कपड़े बारी–बारी से धुलवाए व इस्त्री कराये जाते हैं । कैडेटों के कपड़े सप्ताह में दो–तीन बार (महीने में आठ–नौ बार) साफ किये जाते हैं। कैडेटों के कपड़े दिन–प्रतिदिन की आवश्यकतानुसार छात्रावासों से लिये व दिये जायेंगे । सभी कपड़े आवश्यकतानुसार साफ कराकर, इस्त्री करके, स्वच्छ कराके तथा जरूरत

निविदा कर्ता के हस्ताक्षर एवं सील

14.01 15/01 23/1

से लिये व दिये जायेंगे । सभी कपड़े आवश्यकतानुसार साफ कराकर, इस्त्री करके, स्वच्छ कराके तथा जरूरत पड़ने पर स्टार्च किए जाएंगे । धुलाई संतोषजनक होनी चाहिए, यदि कार्य असंतोषजनक पाया गया तो इस कार्य के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाएगा । धुलाई संबंधी सारा कार्य ठेकेदार के कार्य स्थल पर ही होगा और उसके पास इसके लिए सभी जरूरी सुविधाए जैसे वाशिंग मशीन, इस्त्री, कपड़े सुखाने की सुविधा व पर्याप्त अनुभव होना अनिवार्य है । इसके लिए स्कूल प्रशासन कोई स्थान प्रदान नहीं करेगा । जरूरत पड़ने पर स्कूल व स्कूल के रहवासियों को भी धोबी सुविधाएँ देने के लिये ठेकेदार को तैयार रहना होगा ।

6. कैडेटों के छात्रावास से गंदे कपड़े लेने तथा साफ व इस्त्री किये हुए कपड़े पहुँचाने तक सारे कार्यों की जिम्मेदारी और खर्च ठेकेदार का होगा ।

7. ऊनी कपड़ों को छोड़कर अन्य प्रकार के कपड़ों की धुलाई और इस्त्री करने के खर्च का उल्लेख प्रति कैडेट/मासिक की दर से किया जा सकता है । ऊनी कपड़ों के लिए अलग से प्रति आइटम प्रति धुलाई की दरें लिखी जा सकती है। यदि मास पूर्ण होने से पूर्व ही विद्यालय बन्द हो जाता हैं तो ठेकेदार को किये गये कार्य का आनुपातिक भुगतान ही किया जाएगा ।

8. निर्धारित रोस्टर के अनुसार समय सीमा में कपड़ों की धुलाई किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा अर्थदण्ड लगाया जायेगा जो कि आपके देयक से वसूल किया जायेगा । यदि आपके द्वारा धुलाई की गुणवत्ता की शिकायत होती है तो उसकी सफाई ठेकेदार को अपने स्वयं के खर्चे पर करना होगा। यदि धुलाई की लगातार सेवाओं में ठेकेदार द्वारा व्यवधान किया जाता है तो ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही करने के लिये स्कूल प्रशासन स्वतंत्र है।

9. निर्धारित रोस्टर के अतिरिक्त भी समय–समय पर विद्यालय द्वारा बताए गए कार्यों को भी दी गई समयावधि में पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

10. किसी छात्र का कोई भी कपड़ा गुम होने व फट जाने की स्थिति में स्कूल द्वारा निर्धारित राशि का ठेकेदार द्वारा भुगतान किया जायेगा या उसके देयक से कटौती की जायेगी।

11. छात्रों के कपड़े छात्रावासों से रोल नम्बर के हिसाब से दिये जायेंगे तथा वापसी के समय भी रोल नम्बर के आधार पर लिये जायेंगे। इसके लिये ठेकेदार को स्कूल द्वारा निर्धारित नियम मानने होंगे ।

12. यदि ठेकेदार निर्धारित समयावधि में सेवाएं प्रदान करने में असफल पाया जाता है तो जमा सुरक्षा निधि जब्त की जाएगी अथवा सेवाएं अन्य ठेकेदार से ली जा सकती है । जिसकी अंतर की राशि सुरक्षा निधि से कटौती की जाएगी साथ ही अंतर की राशि धरोहर राशि से अधिक होने की स्थिति में भुगतान ठेकेदार से ही वसूली की जाएगी । यदि निविदा मिलने के पश्चात् निविदाकार अपना ठेका किसी दूसरे ठेकेदार को देता है तो उसका निविदा निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य, सैनिक स्कूल अंबिकापुर के पास सुरक्षित है ।

13. सेवाओं हेतु समस्त दरें सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के लिए समस्त करों सहित होनी चाहिए । किसी भी प्रकार का टैक्स, अनुमोदित दर के अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा । प्रस्तुत किए गए देयक से विद्यालय द्वारा नियमानुसार टी.डी.एस. की कटौती की जाएगी ।

14. निविदा कर्त्ता द्वारा जमा की गई अमानत राशि (EMD) संचालन अवधि के समाप्त होने तक सैनिक स्कूल प्रबंधन के पास सुरक्षा निधी (Security Deposit) के रुप में सुरक्षित रहेगी जिस पर किसी भी प्रकार का ब्याज विद्यालय प्रशासन द्वारा देय नहीं होगा । सफलतापूर्वक सेवाएं पूरी होने, अमाँग प्रमाण पत्र (No Demand Certificate) व निविदा कर्त्ता द्वारा आवेदन करने के पश्चात ही उक्त राशि वापस की जाएगी। सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी होने की स्थिति में प्रशासन द्वारा अमानत राशि जब्त की जाएगी । अंतिम रूप से निविदा स्वीकार नहीं होने की स्थिति में उनकी अमानत राशि निविदा कर्त्ता द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर बिना ब्याज के वापस लौटा दी जाएगी।

14 Jan 19 14.01 15/Jan 19/Jan

निविदा कर्ता के हस्ताक्षर एवं सील

15. निविदा प्रपत्र को बेहद सावधानी से भरें । प्रपत्र में किसी प्रकार की कांट–छांट अथवा ओव्हर राइटिंग नहीं होनी चाहिए । यदि कोई आंकडा सुधारना अत्यंत आवश्यक है तो उसे केवल सीधी लकीर से काटकर नया आंकडा बगल में लिख कर हस्ताक्षर द्वारा प्रमाणित करना आवश्यक है । स्कूल द्वारा माँगी गई मात्रा/पैकिंग में काट छांट करने के बजाय निर्धारित मात्रा का मूल्य ही लिखा जाना अनिवार्य होगा ।

16. अमानत राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार की जाएगी । अन्य किसी भी रूप में प्राप्त अमानत राशि/सुरक्षा निधि की राशि स्वीकार नहीं की जाएगी । डिमाण्ड ड्राफ्ट के पीछे निविदा कर्त्ता का नाम, पूर्ण पता एवं कार्य का नाम, जिसके लिए निविदा डाली जा रही है, स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए ।

17. उक्त सेवा स्कूल की आवश्यकता के अनुसार होगी । सेवा में विलम्ब, गुणवत्ता में कमी पाए जाने या आपूर्ति नहीं करने पर अनुबंध की शर्तों के आधार पर निर्धारित अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा । धुलाई व इस्त्री की गुणवत्ता की पूरी संतुष्टि के उपरान्त ही सेवा स्वीकार की जाएंगी, अन्यथा सेवा रद्द कर दी जाएगी। स्कूल इस स्थिति में खुले बाजार से सेवा लेने के लिए स्वंतत्र होगा जिसका नुकसान निविदा कर्त्ता को वहन करना होगा।

**18.** माह में हुई कुल धुलाई कार्य का देयक दो प्रतियों में हर माह के प्रथम सप्ताह में ठेकेदार द्वारा जमा करना होगा । जिसका भुगतान 15 दिन के अन्दर NEFT/RTGS या एकाउन्ट देयी चेक द्वारा लाण्ड्री भवन के किराये एवं बिजली बिल के भुगतान के पश्चात किया जायेगा ।

19. निविदा कर्त्ता किसी भी स्कूल कर्मचारी को किसी भी प्रकार से फायदा या प्रभावित नहीं करेगा ।

20. निविदा कर्त्ता द्वारा निवेदित की गई दरें **29 फरवरी 2020** तक बनाई रखनी होगी । **जरूरत पड़ने पर प्राचार्य सैनिक स्कूल अम्बिकापुर द्वारा आपकी निविदा को पूर्व मूल्यों व शर्तों सहित तीन माह के लिए बढ़ाया जा सकता है** । ऐसी कोई सेवा जो निविदा में नहीं है उसका रेट कॉन्ट्रेक्ट भविष्य में करने के लिए निविदा कर्त्ता को तैयार होना होगा। किसी भी प्रकार की मूल्य वृद्धि हेतु किया गया निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

21. यदि निविदा कर्त्ता निर्धारित समयावधि में धुलाई कार्य की सेवा करने में असफल पाया जाता है तो जमा अमानत राशि जब्त की जाएगी या निविदा निरस्त की जा सकती है तथा उक्त सेवा खुले बाजार से की जाएगी जिसकी अंतर की राशि अमानत राशि से कटौती की जाएगी । अंतर की राशि अमानत राशि से अधिक होने की स्थिति में भुगतान निविदा कर्त्ता से ही वसूली की जाएगी ।

22. **निविदाएं निश्चित समय एवं तारीख को अथवा उसके पूर्व निविदा पेटी में डाली जा सकती है। जो निविदा निर्धारित अंतिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होगी वह खोली नहीं जायेगी तथा मूलतः निविदा कर्त्ता को वापस लौटा दी जायेगी।** डाक विभाग में किसी भी प्रकार की त्रुटि या विलंब के लिए स्कूल प्रशासन जवाबदार नहीं होगा एवं ऐसे प्रकरण में निविदा कर्त्ता की कोई भी अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।

23. किसी भी स्तर पर फर्जी दस्तावेज पाये जाने की स्थिति में निविदाएं निरस्त करने के साथ–साथ निविदा कर्त्ता के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

24. निविदा प्रक्रिया में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर का कोई भी कर्मचारी या उसके परिजन भाग नहीं ले सकेंगे। कोई भी ऐसी संस्था जो किसी भी प्रकार से किसी शासकीय/सैनिक स्कूल द्वारा काली सूची (Black List) में डाली गई है स्वीकार नहीं होगी ।

25. स्कूल प्रशासन, निविदा कर्त्ता द्वारा प्रस्तुत न्यूनतम दर पर कार्य को कराए जाने के लिए बाध्य नहीं होगा। स्कूल सेवा की गुणवत्ता एवं निविदा कर्त्ता के समान कार्य के अनुभव के आधार पर स्कूल हित में किसी भी सेवा को किसी भी निविदा कर्त्ता से कार्य कराए जाने का निर्णय ले सकता है।

14.01 15/1 14/01

निविदा कर्त्ता के हस्ताक्षर एवं सील

27. निविदा कर्त्ता द्वारा प्रयादित सेवा यदि संतोषप्रद नहीं पाई जाती है या अनुबंध से पहले सेवा बंद की जाती है तो स्कूल के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि निविदा कर्त्ता की अमानत राशि को जब्त करते हुए फर्म को काली सूची (Black List) में डाल सकता है एवं नियमानुसार फर्म के विरूद्ध अन्य दण्डात्मक कार्यवाही कर सकता है।

28. निविदा कर्त्ता को स्कूल द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा एवं इस संबध में स्कूल से जारी होने वाले अन्य नियम भी लागू होंगे।

29. किसी भी स्थिति में निविदा कर्त्ता को फर्म की सेवा/कार्य संपादन, स्कूल के आदेश के अनुरूप पूर्ण करने के पूर्व, अग्रिम भुगतान या आंशिक भुगतान की पात्रता नहीं होगी।

30. आवश्यकतानुसार निविदा में दर्शायी गई दरों में निगोसिएशन भी किया जा सकता है। निविदा में दर्शायी गई दरों में समस्त व्यय सम्मिलित माना जायेगा।

31. सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, मेण्ड्राकलां में लाण्ड्री भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। ठेकेदार को धुलाई एवं इस्त्री कार्य की सेवा सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के लाण्ड्री भवन से ही देना होगा। लाण्ड्री भवन का मासिक किराया ₹ 12,000.00 (रूपये बारह हजार मात्र) देना होगा एवं बिजली बिल का भुगतान हर माह अलग से करना होगा।

32. कार्य/सेवा प्रदाय करने के दौरान यदि किसी तरह की प्राकृतिक आपदा के कारण आदेशित कार्य सम्पन्न करने में बाधा उत्पन होती है तो निविदा कर्त्ता के आवेदन के परीक्षणोपरांत, प्राचार्य, सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के समक्ष स्वीकृति प्राप्त कर, निविदा कर्त्ता के आवेदन पर समयवृद्धि (कटौति के बिना या कटौति के साथ) मान्य की जा सकेगी। पंरतु निविदा कर्त्ता को इस विलंब के लिए अतिरिक्त राशि का भुगतान किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगा। अवधि में वृद्धि (कटौति के बिना या कटौति के साथ) किये जाने का अधिकार प्राचार्य, सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के पास सुरक्षित है।

33. स्कूल हित में यदि आवश्यक होगा तो किसी भी कार्य/सेवा को प्रदाय करने हेतु एक से अधिक निविदा कर्त्ता को निगोसिएशन के उपरांत क्रय आदेश दिया जा सकेगा। निविदा कर्त्ता को स्कूल द्वारा निविदा मान्य/स्वीकृत होने के पश्चात् आवश्यकतानुसार निगोसिएशन एवं अनुबंध के लिए स्कूल में बुलाए जाने पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

34. निविदाओं को स्वीकृत/निरस्त करने के संबंध में समस्त अधिकार प्राचार्य सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के पक्ष में सुरक्षित रहेंगे । निविदाएँ केवल L1 होने से मान्य नहीं होंगी, आकस्मिक सेवा प्रदान करने की क्षमता व गुणवत्ता के आधार पर निविदाएँ परखी जाएँगी । यदि किसी भी स्तर पर प्राचार्य, सैनिक स्कूल अंबिकापुर को लगता है कि स्कूल हित में निविदाएँ निरस्त करनी है तो प्राचार्य, सैनिक स्कूल अंबिकापुर ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं ।

35. निविदा कर्त्ता द्वारा निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना हस्ताक्षर व सील मुद्रा लगाना अनिवार्य है । निविदा कर्त्ता को सभी दस्तावेज एक लिफाफे में रखना है और लिफाफे के ऊपर **''धुलाई व इस्त्री कार्य की सेवाओं हेतु (भाग–I)''** लिखना है तथा दर सूची अलग लिफाफे में रखना है और लिफाफे के ऊपर **''धुलाई व इस्त्री कार्य की सेवाओं हेतु (भाग–II)''** लिखना है ।

36. **निविदाएँ दो लिफाफों भाग–I और भाग–II में जमा की जाएँगी** । **निविदा खोलने के समय पहले भाग–I** खोला जायेगा । यदि **भाग–I के सभी दस्तावेज संतोषजनक होंगे, तभी भाग–II को खोला जायेगा अन्यथा भाग–I के खारिज होने पर निविदा की दावेदारी रद्द कर दी जायेगी** । **अतः निविदा के लिए आवेदन करते समय लिफाफे के ऊपर भाग–I और भाग– II लिखना अत्यन्त आवश्यक है, यदि भाग– I और भाग– II अंकित नहीं है तो निविदा के लिए आवेदित लिफाफे खोले नहीं जाएँगे।**

14.01 19/01 23/01

निविदा कर्ता के हस्ताक्षर एवं सील

परिशिष्ट – 'क'

# शपथ–पत्र

## (रू 20 का कोर्ट टिकट चस्पा कर नोटरी द्वारा सत्यापित किया हुआ)

मैं .............................................. आत्मज .............................................. उम्र ........निवासी .......... .............................................. निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि –

1. यह कि मेरी फर्म/कंपनी जिसका पूरा नाम .............................................. है। मेरे फर्म का पता .............................................. है। मेरी फर्म को धुलाई कार्य की सेवाओं से संबंधित व्यवसाय करने का सर्टिफिकेट प्राप्त है व आज दिनांक तक वैद्य है।

2. मेरे फर्म/कंपनी का जीएसटी टीन नं. .............................................. है (या) मेरे फर्म/कंपनी की वार्षिक आय रुपये 20 लाख से कम है, जिसके कारण मेरा फर्म/कंपनी जीएसटी के दायरे में नहीं आता है। **(जो लागू ना हो उसे काट दें)**

3. यह कि मैं/मेरी फर्म किसी भी विभाग में आज दिनांक तक काली सूचीबद्ध (Black Listed) नहीं है । मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया कोई भी दस्तावेज/जानकारी असत्य नहीं है। मैं ठेका मिलने पर उसे उपकिराये (Sublet) पर नहीं करूँगा। मैं/मेरे फर्म को धुलाई व इस्त्री कार्य की ठेका मिलने पर सैनिक स्कूल अम्बिकापुर द्वारा उपलब्ध कराये गए लाण्ड्री भवन में ही करूंगा व स्कूल प्रशासन द्वारा निधारित भवन का मासिक किराया समय पर भुगतान करूंगा । साथ ही वास्तविक बिजली बिल का भुगतान हर माह अलग से करने हेतु सहमत हूँ ।

4. मैं, भाग– II सूची में दी गयी समस्त कार्य करने में सक्षम हूँ तथा उक्त कार्य करने का अधिकार मैं किसी अन्य फर्म को हस्तान्तरित नहीं करूँगा ।

5. मैं निर्धारित समय के अन्दर त्वरित सेवा देने में सक्षम हूँ। यदि मेरे द्वारा गलत या उपयोग विहीन सेवा प्रदाय की जाती है तो स्कूल द्वारा दिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा।

6. यह कि स्कूल द्वारा दी गई समस्त विशेष व सामान्य नियम–शर्त का मेरे द्वारा भली भाँति पठन कर लिया गया है एवं समझ लिया गया है। मुझे समस्त नियम–शर्ते मान्य हैं एवं निविदा कर्त्ता/फर्म पर बंधनकारी है।

7. यह है कि मेरे विरूद्ध कोई भी थाना अभिलेख में आपराधिक प्रकरण/शिकायत दर्ज नहीं है।

8. मुझे ज्ञात है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा में यदि किसी भी प्रकार की दस्तावेजों/जानकारी में कमी या नियत तिथि व समय के पश्चात् मेरी निविदा स्कूल को प्राप्त होती है तो मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी। मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा में यदि कोई भी दस्तावेज/जानकारी असत्य होगी या निविदा प्रपत्र के किसी भी पृष्ठ पर अनावश्यक काट छांट या नई प्रविष्टि होती है या स्कूल द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध कराये गये समस्त विशेष एवं सामान्य नियम–शर्तों, दिशा–निर्देशों का यदि मैंने पालन नहीं किया तो स्कूल प्रशासन मेरी अमानत राशि जब्त करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही कर सकता है जो मुझे मान्य होगा एवं फर्म पर बंधनकारी होगा।

उपर्युक्त जानकारी मेरे पूर्ण ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य व सही है ।

दिनांक :– हस्ताक्षर शपथकर्त्ता

### सत्यापन

यह कि मैं शपथकर्त्ता, उपरोक्तानुसार शपथ पत्र आज दिनांक को बिना किसी दबाव के एवं पूर्ण होश–हवास में हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूँ ।

हस्ताक्षर सत्यापनकर्त्ता

14.01 15/01 23/01

निविदा कर्ता के हस्ताक्षर एवं सील

परिशिष्ट – 'ख'

# भाग – II

## सैनिक स्कूल अम्बिकापुर,

(रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित)

टेलीफोन – 07774-261609, फैक्स– 07774-261630, ईमेल – sainikschoolambikapur@rediffmail.com

## दर सूची

## धुलाई व इस्त्री कार्य की सेवाओं हेतु

| Sl. No. | Items | Remark | No of Washes per month | Rate (In Rupees) दरें समस्त करों सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Boys Clothing:-** | | | |
| | (a) Bed Sheets | Wash & Iron | 08 | अंको में<br>₹ |
| | (b) Pillow Cases/Covers | | 08 | |
| | (c) Shirt Khaki Cotton/Terri Cotton | | 08 | |
| | (d) Shorts Khaki Cotton/Terri cotton | | 08 | |
| | (e) Trouser Khaki Cotton/Terri cotton | | 08 | शब्दों में<br>रूपये |
| | (f) Trouser White Cotton/Terri Cotton | | 08 | |
| | (g) Shorts White Cotton/Terri Cotton | | 08 | |
| | (h) Shirt White Cotton/Terri Cotton | | 08 | |
| | (j) Coco Brown Trouser | | 08 | |
| | (k) Sleeping suits (1 Pair) | | 08 | |
| | (l) Track Suit (1 Pair) | | 02 | |
| | (m) T-Shirt | | 08 | |
| | (n) Towels | | 04 | |
| | (p) Blazer | Dry Cleaning | Winter session only | ₹<br>रूपये |

1. मैं धुलाई व इस्त्री कार्य सैनिक स्कूल अम्बिकापुर द्वारा उपलब्ध कराये गए लाण्ड्री भवन में ही करूंगा । लाण्ड्री भवन का मासिक किराया ₹ 12,000.00 (रूपये बारह हजार मात्र) एवं वास्तविक बिजली बिल का भुगतान हर माह अलग से करने हेतु सहमत हूँ ।

2. समस्त दरें स्कूल के छात्रावासों से रोल नंबर अनुसार कपड़े लेने एवं कैडेटों को रोल नंबर अनुसार छात्रावासों में कपड़े बांटने के खर्च व समस्त करों सहित ।

3. मैं सेवा की गुणवत्ता संचालन अवधि तक बनाये रखुँगा और स्कूल प्रशासन द्वारा आदेशित करने पर संचालन अवधि के बाद अगले तीन महीने तक उपरोक्त दरों पर धुलाई व इस्त्री कार्य करूँगा।

14.01 19/01 23/01

निविदा कर्ता के हस्ताक्षर एवं सील